Bharat Temples

मेरे घर आज कीर्तन है,
मेरे श्री श्याम आ जाओ,
मेरे श्री श्याम आ जाओ,
मेरे श्री श्याम आ जाओ,
सजाया आज मन मंदिर,
मेरे घनश्याम आ जाओ,
मेरे घर आज कीर्तन हैं,
मेरे श्री श्याम आ जाओ।।

तर्ज सजा दो घर को गुलशन सा।

हज़ारों रंग के फूलों से,
घर को मैंने सजाया है,
तेरे दर्शन को मेरे श्याम,
पूरा परिवार आया है,
करे गुणगान सब मिलकर,
मेरे श्री श्याम आ जाओ,
मेरे घर आज कीर्तन हैं,
मेरे श्री श्याम आ जाओ।।

महफ़िल सजी है,
आज मेरे श्याम आएंगे,
दिल को मिलेगा सुकून,
जब तेरे दर्श पाएंगे,
आने से तेरे सजता है,

मेरे घर का आँगन,
मिलकर के प्रेमी,
आज तेरे गुण गाएंगे,
मेरे घर आज कीर्तन हैं,
मेरे श्री श्याम आ जाओ।।

मेरे जीवन की ये बगिया,
बाबा तूने खिलाई है,
ना आये घर कोई दु:ख भी,
जबसे तेरी ज्योत जलाई है
करने खुशहाल ये जीवन,
मेरे श्री श्याम आ जाओ,
मेरे घर आज कीर्तन हैं,
मेरे श्री श्याम आ जाओ।।

तेरे अविनाश की विनती,
प्रभु स्वीकार कर लेना,
पुकारे जब कोई प्रेमी,
नैया भव पार कर देना,
बुलाये दीप तुमको श्याम,
मेरे श्री श्याम आ जाओ,
मेरे घर आज कीर्तन हैं,
मेरे श्री श्याम आ जाओ।।

मेरे घर आज कीर्तन है,
मेरे श्री श्याम आ जाओ,
मेरे श्री श्याम आ जाओ,
मेरे श्री श्याम आ जाओ,

सजाया आज मन मंदिर,
मेरे घनश्याम आ जाओ,
मेरे घर आज कीर्तन हैं,
मेरे श्री श्याम आ जाओ।।

Singer Deepali Yadav

Source:
https://www.bharattemples.com/mere-ghar-aaj-kirtan-hai-mere-shri-shyam-aa-jao/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw